Maharashtra Board Solutions for Class 7- Hindi Sulabhbharati (Part 2): Chapter 7- रहस्य

For any clarifications or questions you can write to **info@indcareer.com**

Postal Address

IndCareer.com, 52, Shilpa Nagar, Somalwada Nagpur - 440015
Maharashtra, India

WhatsApp: +91 9561 204 888, **Website:** https://www.indcareer.com

https://www.indcareer.com/schools/maharashtra-board-solutions-for-class-7-hindi-sulabhbharati-part-2-chapter-7-rahasya/

Maharashtra Board Solutions for Class 7- Hindi Sulabhbharati (Part 2): Chapter 7- रहस्य

Class 7: Hindi Sulabhbharati Chapter 7 solutions. Complete Class 7 Hindi Sulabhbharati Chapter 7 Notes.

Maharashtra Board Solutions for Class 7- Hindi Sulabhbharati (Part 2): Chapter 7- रहस्य

Maharashtra Board 7th Hindi Sulabhbharati Chapter 7, Class 7 Hindi Sulabhbharati Chapter 7 solutions

Questions and Answers

स्वयं अध्ययन

हिंदी मराठी के समानार्थी मुहावरे और कहावतें सुनिए और उनका द्विभाषी लघुकोश बनाइए।

Answer:

हिंदी	मराठी
अधजल गगरी छलकत जाए।	उथल पाण्याला खळखळाट फार.
चारों खाने चित करना।	चारी मुंड्या चित करणे.
मुँह से लार टपकना।	तोंडाला पाणी सुटणे.
बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद ?	गाढवाला गुळाची चव काय ?
भनक लगना।	कुणकुण लागणे.
करवट बदलना।	कूस बदलणे.
नाच न जाने आँगन टेढ़ा।	नाचता येईना आंगण वाकडे.
कमर तोड़ना।	कंबरडे मोडणे.
धोखा देना।	गंडा घालणे.

बताओ तो सही



Answer:

घर में – मेरे घर में मेरी दादी हमेशा कहा करती थी कि यदि तुम बाहर जा रहे हो और किसी ने रोक दिया, या किसी ने छींक दिया तो नहीं जाना चाहिए। परंतु जब मैंने विद्यालय में पढ़ा और समझा तो जाना कि यह अंधश्रद्धा है। तब से मैंने दादी को भी समझाकर उनका भ्रम तोड़ने की कोशिश की।

विद्यालय में – मेरा एक सहपाठी है; जिसका घर विद्यालय के पास में ही है। वह रोज विद्यालय देरी से आता है। मैंने कारण पूछा तो उसने बताया कि जब मैं निकलता हूँ, तो बिल्ली रास्ता काट देती है और मैं इंतजार करने लगता हूँ कि पहले कोई और रास्ता पार करे, तब मैं आगे जाऊँ। तब मैंने उसे समझाया कि ऐसा कुछ नहीं होता। यह अंधश्रद्धा है। अब वह रोज समय पर आता है। परिवेश में – मेरे पड़ोस में एक सज्जन रहते हैं। वे एक आँख से काने हैं। लोग किसी काम से जाते समय उनके सामने आने पर रुक जाते हैं। इससे वे बड़े दुखी रहते थे। मैंने लोगों से इस बारे में बात की और अब लोग उन्हें देखकर बुरा नहीं मानते। मुझे भी इस व्यवहारिक सुधार से सुख की अनुभूति हुई।

विचार मंथन

श्रद्धा और विज्ञान, जीवन के दो पक्ष महान ।(अनुच्छेद-लेखन)

Answer:

प्रत्येक सिक्के के दो पहलू होते हैं। इसी प्रकार जीवन के दो पक्ष हैं – श्रद्धा और विज्ञान। हम बाल्यकाल से अपने बड़े-बुजुर्गों से जो कुछ सीखते हैं; उसके प्रति हमारे मन में श्रद्धा होती है। हमारी संस्कृति प्राचीन है। प्राचीन काल से कुछ मान्यताएँ, रीति-रिवाज, परंपराएँ चली आ रही हैं। अशिक्षा के कारण इसमें कुछ कुरीतियाँ भी समाविष्ट हो गई हैं।

आधुनिक समय विज्ञान का युग है। ऐसे में बहुत सारी परंपराएँ, मान्यताएँ एवं रीति-रिवाज आज अपना मूल्य खोती जा रही हैं। अत: जीवन में भक्ति, ज्ञान, श्रद्धा का महत्त्व तो है; लेकिन वह विज्ञान सम्मत ही होनी चाहिए।आज हमें अंधश्रद्धा का निर्मूलन कर सही ज्ञान की आवश्यकता है जो कि विज्ञान की कसौटियों पर खरा उतर सके।

वाचन जगत से

टिपण्णी बनाने हेतु समाचार पत्र से बहादुरी के किस्से पढ़ो और संकलित करो।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

Question 1.

आर्यन और कनिष्का द्वारा देखी हुई हवेली का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

Answer:

आर्यन और कनिष्का जब हवेली पहुंचे तो वहाँ हँसी और कहकहों की आवाजें सुनाई पड़ी। वहाँ बीचोंबीच में एक बड़ा कमरा था। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिडकियाँ नीचे से बंद थी; किंत ऊपर से खली थीं।

Question 2.

कनिष्का और आर्यन को 'वीरता पुरस्कार' घोषित होने का कारण बताइए।

Answer:

कनिष्का और आर्यन ने बहादुरी का काम किया था। जिन डाकुओं को पकड़ने के लिए पुलिस ने अपना खून-पसीना एक कर दिया था। उन्हें अपनी समझदारी से पकड़वा दिया था और डाकुओं के आतंक से गाँववालों को मुक्त

करा दिया था।

Question 3.

इस कहानी की किसी घटना को संवाद रूप में प्रस्तुत कीजिए।

Answer:

आर्यन – नमस्ते सर! क्या मैं अंदर आ सकता हूँ?

थानेदार – हाँ! कहिए आप सबकी मैं क्या मदद कर सकता हूँ।

आर्यन – सर! हमारे पास कुछ फोटो हैं। (फोटो दिखाते हुए)

थानेदार – अरे! तुम्हारे पास ये फोटो कहाँ से आए?

आर्यन – महोदय! यह कनिष्का है। यह मेरे मामा की लड़की है। इनके घर के पास एक हवेली है।

थानेदार – वो हवेली, जिसमें भूत रहते हैं।

कनिष्का- नहीं, नहीं, सर वहाँ कोई भूत-बूत नहीं रहते, हमने वही से कल रात ये फोटो खींची हैं।

थानेदार – शाबास! बच्चों! तुम दोनों ने बहादुरी का काम किया है।

कहानी के आधार पर प्रश्न निर्माण कीजिए।

Question 1.

कहानी से हमें क्या सीख मिलती है**?**

Answer:

अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की सीख मिलती है।

Question 2.

कहानी के लिए कोई दूसरा शीर्षक बताइए।

Answer:

वीर बालक या अंधविश्वास का पर्दाफाश

Question 3.

आर्यन के मामा कहाँ रहते थे**?**

Answer:

आर्यन के मामा गाँव में रहते थे।

Question 4.

आर्यन के मामा का गाँव कैसा था?

Answer:

उनका गाँव समृद्ध था।

Question 5.

भारत के महामहिम राष्ट्रपति का नाम क्या है?

Answer:

महामहिम प्रणव मुखर्जी

सुनो तो जरा

पाठों में आए हुए मूल्यों को सुनो, तालिका बनाओ और सुनाओ।

सदैव ध्यान में रखो

बड़ों की आज्ञा का पालन करना चाहिए।

भाषा की ओर

चित्र के आधार पर सभी कारकों का प्रयोग करके वाक्य लिखो :

१. मछुआरे ने जाल फेंका ।

२. ------------------------------

३. ------------------------------

४. ------------------------------

५. ------------------------------

६. ------------------------------

७. ------------------------------

८. ------------------------------

Answer:

(१) मछुआरे ने जाल फेंका।

(२) एक महिला नारियल को इकट्ठा कर रही है।

(३) एक व्यक्ति नाव से जा रहा है।

(४) एक लड़की मछलियों के लिए दाना डाल रही है।

(५) एक व्यक्ति पेड़ से नारियल तोड़ता है।

(६) महिला का पुत्र आ रहा है।

(७) मछुआरे की जाल में बहुत मछलियाँ हैं।

(८) अरे! तुम आ गए।

Additional Important Questions and Answers

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए।

Question 1.

हवेली में पहले किसका परिवार रहता था?

Answer:

जमींदार का

Question 2.

एक बार हवेली में कौन गया था?

Answer:

घीसू

Question 3.

आर्यन गरमी की छुट्टियाँ बिताने किसके घर आया था?

Answer:

मामा के

Question 4.

मामाजी की लड़की का क्या नाम था?

Answer:

कनिष्का

Question 5.

फोटोग्राफर की दुकान कहाँ थी?

Answer:

नारायणपुर

Question 6.

आर्यन और कनिष्का को किस पुरस्कार से सम्मानित किया जाने वाला है?

Answer:

वीरता पुरस्कार

निम्नलिखित वाक्य सही है या गलत लिखिए।

Question 1.

चारों ओर सन्नाटा था।

Answer:

सही

Question 2.

सुबह होने वाली थी।

Answer:

गलत

Question 3.

हवेली में अंधेरा था।

Answer:

गलत

Question 4.

यह एक समृद्ध गाँव है।

Answer:

सही

Question 5.

मामाजी का एक लड़का था।

Answer:

गलत

Question 6.

मामाजी ने कैमरे की तारीफ की।

Answer:

सही

Question 7.

उस रात हवेली पर पुलिस ने छापा मारा।

Answer:

सही

Question 8.

दोनों ओर से गोलियाँ चलीं।

Answer:

सही

Question 9.

सवेरा होते-होते डाकू भाग गए।

Answer:

गलत

Question 10.

सभी डाकुओं के आतंक से मुक्त हो गए।

Answer:

सही

कोष्ठक में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(सलाह-मशविरा, रहस्य, भौंकने, करवटें, बहादुर, इंतजार, अँधेरा)

Question 1.

कभी-कभी कुत्तों के ……………………” की आवाज सुनाई पड़ती थी।

Answer:

भौंकने

Question 2.

आर्यन …………………..” बदलता रहा।

Answer:

करवटें

Question 3.

आर्यन ने कनिष्का से कुछ ………………. किया।

Answer:

सलाह-मशविरा

Question 4.

दोनों ………………. ।

Answer:

बहादुर

Question 5.

वे दोनों रात होने का ………………….” करने लगे।

Answer:

इंतजार

Question 6.

का पता लगाने का यह अच्छा अवसर था।

Answer:

रहस्य

Question 7.

…………………….. होते ही दोनों घर से निकल पड़े।

Answer:

अंधेरा

उचित जोड़ियाँ मिलाइए।

(१)	फोटो की दुकान	(क)	कपोल कल्पना
(२)	भूत-वूत	(ख)	कहकहों की आवाज
(३)	हवेली	(ग)	खतरनाक काम
		(घ)	नारायणपुर

Answer:

फोटो की दुकान – नारायणपुर

भूत-वूत – कपोल कल्पना

हवेली – कहकहों की आवाज

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक बाक्य में लिखिए।

Question 1.

मामाजी के पास कैसा कैमरा था?

Answer:

मामाजी के पास विदेशी डिजिटल कैमरा था।

Question 2.

आर्यन मन-ही-मन क्यों मुसकाने लगा?

Answer:

आर्यन मन-ही-मन मुसकाने लगा क्योंकि वह जानता था कि भूत-बूत कुछ नहीं होते।

Question 3.

हवेली के अंदर से कैसी आवाजें सुनाई पड़ रही थीं?

Answer:

हवेली के अंदर से हँसी और कहकों की आवाजें सुनाई पड़ रही थीं।

Question 4.

डाकुओं ने भूत होने की अफवाह क्यों फैलाई थी?

Answer:

डाकुओं ने भूत होने की अफवाह इसलिए फैलाई थी क्योंकि कोई हवेली की तरफ न जाए और उनका रहस्य न खुले।

व्याकरण और भाषाभ्यास

Question 1.

कहानी से बर्तमानकाल के वाक्य चुनकर लिखिए।

Answer:

- यह एक समृद्ध गाँव है।
- मामाजी के पास एक विदेशी डिजिटल कैमरा भी है।
- बिना फ्लैशगन के भी यह तस्वीर खींच लेता है।
- वहाँ कुछ फोटो लिए हैं।
- मुझे इस मामले में बहुत गड़बड़ी लगती है।

Question 2.

उपर्युक्त प्रश्नसंख्या ८ के वाक्यों को भूतकाल एवं भविष्यकाल में परिवर्तित कीजिए।

Answer:

भूतकाल –

- यह एक समृद्ध गाँव था।
- मामाजी के पास एक विदेशी डिजिटल कैमरा भी था।
- बिना फ्लैशगन के भी यह तस्वीर खींच लेता था।
- वहाँ कुछ फोटो लिए थे।
  मुझे इस मामले में बहुत गड़बड़ी लगती थी।

भविष्यकाल –

- यह एक समृद्ध गाँव होगा।
- मामाजी के पास एक विदेशी डिजिटल कैमरा भी होगा।
- बिना फ्लैशगन के भी यह तस्वीर खींच लेगा।
- वहाँ कुछ फोटो लेंगे।
- मुझे इस मामले में बहुत गड़बड़ी लगेगी।

निम्नलिखित वाक्यों में उचित कारक चिह्न लगाइए।

(को, ने, से, में, की, के, के लिए, का, के, से)

Question 1.

मामा जी .... का था।

Answer:

ने

Question 2.

आर्यन ने खेतों .... सरपट पार किया।

Answer:

को

Question 3.

हवेली .... पिछले दस-पंद्रह सालों ....”कोई नहीं रहता था।

Answer:

में, से

Question 4.

गरमी .... छुट्टियाँ बिताने .... वह मामाजी .... घर आया था।

Answer:

की, के लिए, के

Question 5.

वह हवेली भूतों .... डेरा है।

Answer:

का

Question 6.

सभी डाकुओं .... आतंक .... मुक्त हो गए।

Answer:

के, से

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द बदलिए।

1. उजाला
2. बहादुर
3. तारीफ
4. सावधानी

5. पसंद
6. सम्मानित

Answer:

1. अंधेरा
2. कायर
3. निंदा
4. असावधानी
5. नापसंद
6. अपमानित

निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए।

1. छुट्टी
2. आवाज
3. आँख
4. बंदूकें
5. तलवारें
6. खिड़की
7. रोटी
8. गोली

Answer:

1. छुट्टियाँ
2. आवाजें
3. आँखें
4. बंदूक
5. तलवार
6. खिड़कियाँ
7. रोटियाँ
8. गोलियाँ

निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

Question 1.

खाट पकड़ना

Answer:

रामू की माँ ने बीमारी में तीन महीने से खाट पकड़ी है।

Question 2.

करवटें बदलना

Answer:

चिंता के कारण पिता जी करवटें बदलते रहें।

Question 3.

कमर कसना

Answer:

हमारी सेना ने आतंकवाद को मिटाने के लिए कमर कस ली है।

Question 4.

तारीफ के पुल बाँधना

Answer:

कल हमारे शिक्षक शिवानी के शिष्टाचार की तारीफों के पुल बाँध रहे थे।

Question 5.

आँखें खुली की खुली रहना

Answer:

दुकानदार की मिलावट देखकर हमारी आँखें खुली की खुली रह गई।

Question 6.

खून-पसीना एक करना

Answer:

पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए अपना खून-पसीना एक कर दिया था।

Question 7.

हथियार डालना

Answer:

हमारे फौज को देखते ही आतंकवादियों ने हथियार डाल दिए।

निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए।

1. मामा
2. शिक्षक
3. भाई
4. लड़का

Answer:

1. मामी
2. शिक्षिका
3. बहन
4. लड़की

निम्नलिखित शब्द युग्मों से विशेषण-विशेष्य अलग कीजिए।

- समृद्ध गाँव
- डिजिटल कैमरा
- वैज्ञानिक दृष्टिकोण
- खतरनाक काम
- वीरता पुरस्कार
- राष्ट्रपति कार्यालय

Answer:

विशेषण	विशेष्य
समृद्ध	गाँव
डिजिटल	कैमरा
वैज्ञानिक	दृष्टिकोण

विशेषण	विशेष्य
खतरनाक	काम
वीरता	पुरस्कार
राष्ट्रपति	कार्यालय

निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए।

1. आँख
2. रात
3. तलवार
4. दिन

Answer:

1. नेत्र, लोचन, नयन
2. रात्रि, निशा, रजनी
3. खड्ग, असि, कृपाण
4. दिवस, वार, वासर

Maharashtra Board Solutions Class 7 Hindi

Part 1

- Chapter 1- वाचन मेला
- Chapter 2- फूल और काँटे
- Chapter 3- दादी माँ का परिवार
- Chapter 4- देहात और शहर
- Chapter 5- बंदर का धंधा
- Chapter 6- 'पृथ्वी' से 'अग्नि' तक
- Chapter 7- जहाँ चाह, वहाँ राह
- Chapter 8- जीवन नहीं मरा करता है
- अभ्यास – १
- पुनरावर्तन – १

Part 2

- Chapter 1- अस्पताल
- Chapter 2- बेटी युग
- Chapter 3- दो लघुकथाएँ
- Chapter 4- शब्द संपदा
- Chapter 5- बसंत गीत
- Chapter 6- चंदा मामा की जय
- Chapter 7- रहस्य
- Chapter 8- हम चलते सीना तान के
- अभ्यास - २
- अभ्यास – ३
- पुनरावर्तन - २

About About Maharashtra State Board (MSBSHSE)

The Maharashtra State Board of Secondary and Higher Secondary Education or MSBSHSE (Marathi: महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक आणि उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडळ), is an **autonomous and statutory body established in 1965**. The board was amended in the year 1977 under the provisions of the Maharashtra Act No. 41 of 1965.

The Maharashtra State Board of Secondary & Higher Secondary Education (MSBSHSE), Pune is an independent body of the Maharashtra Government. There are more than 1.4 million students that appear in the examination every year. The Maha State Board conducts the board examination twice a year. This board conducts the examination for SSC and HSC.

The Maharashtra government established the Maharashtra State Bureau of Textbook Production and Curriculum Research, also commonly referred to as Ebalbharati, in 1967 to take up the responsibility of providing quality textbooks to students from all classes studying under the Maharashtra State Board. MSBHSE prepares and updates the curriculum to provide holistic development for students. It is designed to tackle the difficulty in understanding the concepts with simple language with simple illustrations. Every year around 10 lakh students are enrolled in schools that are affiliated with the Maharashtra State Board.

FAQs

Where do I get the Maharashtra State Board Books PDF For free download?

You can download the Maharashtra State Board Books from the eBalbharti official website, i.e. cart.ebalbharati.in or from this article.

Add image

How to Download Maharashtra State Board Books?

Students can get the Maharashtra Books for primary, secondary, and senior secondary classes from here. You can view or download the Maharashtra State Board Books from this page or from the official website for free of cost. Students can follow the detailed steps below to visit the official website and download the e-books for all subjects or a specific subject in different mediums.

Step 1: Visit the official website *ebalbharati.in*

Step 2: On the top of the screen, select "Download PDF textbooks"

Step 3: From the "Classes" section, select your class.

Step 4: From "Medium", select the medium suitable to you.

Step 5: All Maharashtra board books for class 11th will now be displayed on the right side.

Step 6: Click on the "Download" option to download the PDF book.

Who developed the Maharashtra State board books?

As of now, the MSCERT and Balbharti are responsible for the syllabus and textbooks of Classes 1 to 8, while Classes 9 and 10 are under the Maharashtra State Board of Secondary and Higher Secondary Education (MSBSHSE).

How many state boards are there in Maharashtra?

The Maharashtra State Board of Secondary & Higher Secondary Education, conducts the HSC and SSC Examinations in the state of Maharashtra through its nine Divisional Boards located at Pune, Mumbai, Aurangabad, Nasik, Kolhapur, Amravati, Latur, Nagpur and Ratnagiri.

About IndCareer

IndCareer.com is a leading developer of online career guidance resources for the Indian marketplace. Established in 2007, IndCareer.com is currently used by over thousands of institutions across India, including schools, employment agencies, libraries, colleges and universities.

IndCareer.com is designed to assist you in making the right career decision - a decision that meets your unique interests and personality.

For any clarifications or questions you can write to **info@indcareer.com**

Postal Address

IndCareer.com

52, Shilpa Nagar,

Somalwada

Nagpur - 440015

Maharashtra, India

WhatsApp: +91 9561 204 888

Website: https://www.indcareer.com